प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

06.01.2025/प्रादेशिक समाचार/9:20बजे

सोलर प्लांट

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा है कि जनजातीय क्षेत्र काज़ा में दो मैगावॉट का सोलर पावर प्लांट स्थापित किया गया है। इसका उद्देश्य क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को सुनिश्चित और सुचारू बनाना है। उन्होंने कहा कि कुछ ही महीनों में एक मैगावॉट आवर बैटरी स्टोरेज को भी इस प्लांट में जोड़ कर इसे पूर्ण रूप से स्थापित कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को ग्रीन स्टेट बनाने के लिए राज्य सरकार सोलर पावर का अधिक से अधिक दोहन करने का प्रयास कर रही है।

चुनाव

प्रदेश में भाजपा के 17 संगठनात्मक जिलों में से 16 जिलों में अध्यक्षों की चुनाव प्रक्रिया जारी है। इन 16 जिलों में से 9 जिलों में अध्यक्ष सर्वसम्मति से चुन लिए गए हैं जबकि 7 जिलों में अध्यक्षों का चुनाव आज होगा।

राज्य में प्रदेश भाजपा के 17 संगठनात्मक जिलों में से 16 जिलों में अध्यक्षों की चुनाव प्रक्रिया के तहत 7 जिलों में अध्यक्षों का चुनाव आज होगा। बीते कल 16 जिलों में से 9 जिलों में अध्यक्ष सर्वसम्मति से निर्वाचित कर लिए गए हैं। पार्टी चुनाव अधिकारी व सांसद राजीव भारद्वाज ने बताया कि इनमें चंबा से धीरज नरयाल, पालमपुर में रागिनी रकवाल, देहरा में अजय खट्टा, कुल्लू में अमित सूद, सुंदरनगर में हीरा लाल, मंडी में निहाल चंद शर्मा, सोलन में रतन पाल, सिरमौर में धीरज गुप्ता जबकि लाहौल स्पीति में रिंगजिंग हरिअप्पा अध्यक्ष नियुक्त हुए हैं। इस बीच सभी निर्वाचित जिला अध्यक्षों ने कहा कि वे संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे। प्रादेशिक समाचार के लिए समाचार कक्ष से स्वाति अग्निहोत्री।

विंटर कार्निवाल

राजधानी शिमला में इन दिनों विंटर कार्निवाल की धूम है। कार्निवाल में जहां पर्यटक हिमाचल प्रदेश की संस्कृति से रूबरू हो रहे हैं तो वहीं पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद भी ले रहे हैं। विंटर कार्निवाल में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे शिमला संवाददाता।

पहाड़ों की राजधानी शिमला में इन दिनों सर्द हवाओं के बीच विंटर कार्निवाल की धूम अपने चरम पर है। कार्निवाल में स्थानीय लोगों के अलावा पर्यटक, स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्टॉलों में विभिन्न पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद चख रहें हैं और यहां की संस्कृति से भी रूबरू हो रहे हैं।

कार्निवाल के सातवें दिन कल प्रिंस और प्रिंसेस विंटर कार्निवाल प्रतियोगिता के विजेता चुने गए। कार्निवाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी लोगों का खूब आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। इस दौरान जहां हिमाचली कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से सबका मन मोह रहे हैं तो वहीं बाहरी राज्यों के कलाकार भी लोगों का भरपूर मनोरंजन कर रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए शिमला से योगराज शर्मा।

<u>मौसम</u>

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दिन की शुरूआत धूप के बीच हल्के बादलों के साथ हुई है। पिछले कई दिनों से मौसम साफ रहने और धूप खिलने से न्यूनतम व अधिकतम तापमान में सामान्य से चार से 7 डिग्री सैल्सियस तक बढ़ौतरी दर्ज की गई है। हालांकि मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के चलते आज उंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी व अन्य क्षेत्रों में वर्षा की संभावना जताई है।

<u>एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....</u>

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। दिव्य हिमाचल मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है बजट में बदलेगा गरीबी रेखा का दायरा।

दैनिक भास्कर की एक खबर है आईजीएमसी, टांडा और नेरचौक मेडिकल कॉलेज में लगेंगे थ्री टेस्ला एमआरआई मशीनें। दैनिक सवेरा टाइम्स लिखता है स्वास्थ्य संस्थानों में उपकरणों की खरीद पर 15 सौ करोड़ खर्च करेगी सरकार।

दैनिक जागरण की एक खबर है चार ठेकेदारों, 10 निलंबित अधिकारियों से होगी पूछताछ। पंजाब केसरी का शीर्षक है अब जल शक्ति विभाग से रिकॉर्ड कब्जे में लेगी विजिलेंस।

नेता विपक्ष जयराम ठाकुर के हवाले से आपका फैसला लिखता है सरकारी संरक्षण प्राप्त कांग्रेस नेताओं व ठेकेदारों को बचा रही सरकार।

मौसम पर अमर उजाला की सुर्खी है पहाड़ों पर हिमपात, मैदानों में कोहरा, आज भारी बारिश–बर्फबारी का अलर्ट।